हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 19 जून 2026

तापमान
अधिकतम 41.3 डिग्री
न्यूनतम 23.5 डिग्री



12 डेरा बस्ती में पुलिस का बड़ा सर्च ऑपरेशन, नशा तस्करों में मचा हड़कंप



12 योग से लोगों को मानसिक शांति एवं आत्मिक ऊर्जा का होता अनुभव: शैली

## खबर संक्षेप

### केयू प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के परीक्षा केंद्रों की सूची जारी की गई है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 22 एवं 23 जून 2026 को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के लिए विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### रूस में नौकरी का झांसा देकर 3.05 लाख की ठगी

**यमुनानगर।** विदेश में नौकरी और मोटी सैलरी का सपना दिखाकर ठगी करने का मामला सामने आया है। थाना सदर जगाधरी पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी, इमिग्रेशन एक्ट और धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि युवक को रूस भेजने और वहां नौकरी दिलाने के नाम पर 3.05 लाख रुपये हड़प लिए गए। जानकारी के अनुसार गांव खेड़ा फार्म निवासी लालचंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव नगला जगीर निवासी जय किशन ने उनके बेटे को रूस में फूड पैकिंग कंपनी में नौकरी दिलाने का भरोसा दिया था।

### विदेश भेजने का झांसा देकर 18.50 लाख की ठगी

**यमुनानगर।** विदेश भेजने का सपना दिखाकर लाखों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। थाना जगाधरी सदर पुलिस ने गांव महलावाली निवासी राजिंद्र कुमार की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोप है कि दोनों ने भतीजे समेत चार लोगों को विदेश भेजने का झांसा देकर कुल 18 लाख 50 हजार रुपये ठग लिए और बाद में फर्जी वीजा थमा दिया।

पुलिस को दी शिकायत में राजिंद्र कुमार ने बताया कि वह गांव महलावाली के रहने वाले हैं और गांव में टेंट हाउस का काम करते हैं।

### नशीली गोलियों के साथ तस्कर काबू

**अंबाला।** पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने 'ऑपरेशन मैदान' अभियान के तहत एक शातिर तस्कर को भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सूचना की के आधार पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए हाथीखाना मंदिर एक संदिग्ध व्यक्ति को काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 200 नशीली गोलियां और 700 नशीले कैप्सूल बरामद हुए।गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मदन लाल उर्फ मंडी के तौर पर हुई जोकि पंजाब के गांव बर्धवान जिला होशियारपुर का रहने वाला बताया जा रहा है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश किया गया।

# करनाल में 8 सेंटरों पर होगा नीट: 2708 अभ्यर्थी देंगे एग्जाम


## प्रशासन ने तैयारियां पूरी की, डेढ़ बजे तक होगी एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नीट-2026 परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। 21 जून को होने वाली इस परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी विभागों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा, ट्रैफिक और अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापक इंतजाम किए गए हैं, ताकि किसी भी स्तर पर परेशानी न हो।

लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक में डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ निभाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, शौचालय और बिजली की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए रैंप और व्हील चेयर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।



### सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान

डीसी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों के बाहर सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था और पार्किंग की सुविधा सुनिश्चित की जाए। सुरक्षा के लिहाज से प्रत्येक परीक्षा केंद्र के बाहर एक सहायक उप निरीक्षक और 4 कांस्टेबल तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, जैमर और अन्य जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।

### दोपहर 2 से शाम 5:15 बजे तक होगी परीक्षा

डीसी ने बताया कि नीट (यूजी) परीक्षा 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजकर 15 मिनट तक ऑफलाइन माध्यम से आयोजित होगी। परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजकर 30 मिनट तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा, इसके बाद प्रवेश पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा।

### बायोमेट्रिक जांच व अलग अलग काउंटर की व्यवस्था

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा बायोमेट्रिक सत्यापन व्यवस्था को दोगुना किया गया है। पुरुष और महिला परीक्षार्थियों के लिए अलग-अलग जांच काउंटर बनाए गए हैं। प्रत्येक 100 परीक्षार्थियों पर एक सुरक्षा जांच काउंटर और 48 परीक्षार्थियों पर एक बायोमेट्रिक उपकरण लगाया जाएगा। जैमर को परीक्षा के दिन दोपहर 1 बजकर 45 मिनट से सक्रिय किया जाएगा, ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो।

### जिला परिषद अमित को किया नोडल अधिकारी नियुक्त

जिले में इस बार 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 2708 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सीईओ जिला परिषद अमित कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही लघु सचिवालय के सभागार में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है।

### बाहरी परीक्षार्थियों व अभिभावकों के लिए ठहरने की व्यवस्था

डीसी ने बताया कि परीक्षा देने आने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए अंबेडकर भवन सेक्टर-12, रोड़ धर्मशाला, जाट भवन सेक्टर-12, ब्राह्मण धर्मशाला कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के सामने, वाल्मीकि धर्मशाला सेक्टर-8/9 करनाल और कम्बोज धर्मशाला रेलवे रोड में ठहरने की व्यवस्था की गई है। परीक्षा के दौरान अभिभावक इन स्थानों पर आराम कर सकेंगे।

### बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

इस बैठक में पुलिस अधीक्षक करनाल नरेंद्र बिजारणिया, सीईओ जिला परिषद एवं नोडल अधिकारी अमित कुमार, सभी केंद्रों के ड्यूटी मजिस्ट्रेट, सेंटर सुपरवाइजर, जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश, जीएम रोडवेज कुलदीप सिंह, रेडक्रॉस सचिव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षा मंत्री ढांडा बोले- देश को धर्मशाला नहीं बनने देंगे

# एसआईआर अभियान से फर्जी वोट हटेंगे योग्य मतदाताओं को मिलेगा अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा ने चुनाव आयोग और सरकार की एक बेहद महत्वपूर्ण मुहिम एसआईआर (एसआईआर - मतदाता सूची का पुनरीक्षण) को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक ली। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शिक्षा मंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह पारदर्शी और त्रुटिहीन बनाना है। उन्होंने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि गलत तरीके से वोट बनवाकर सत्ता हथियाने वालों का दौर अब समाप्त हो चुका है।

### क्या है एसआईआर अभियान? 18 से ऊपर के बनेंगे वोट

पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि बुधवार से एसआईआर का काम धरातल पर शुरू हो गया है। इस प्रक्रिया के तहत दो मुख्य बिंदुओं पर काम किया जा रहा है। पहला, जिन युवाओं की उम्र 18 साल या उससे अधिक हो चुकी है और अभी तक उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उनका वोट प्राथमिकता के आधार पर बनाया जाएगा। वहीं दूसरा, जो बुजुर्ग 80 साल से ऊपर की उम्र के हैं या जिनकी मृत्यु हो चुकी है और उनके नाम अभी भी सूची में हैं, उन्हें वोटर लिस्ट से सम्मानपूर्वक हटाया जाएगा।



पानीपत। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा।

### घुसपैठियों और फर्जी वोटरों पर गिरेगी गाज

शिक्षा मंत्री ने अवैध प्रवासियों और घुसपैठियों को लेकर बेहद कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि जो घुसपैठिए बांग्लादेशी या अन्य बाहरी जगहों से संबंध रखते हैं और उन्होंने गलत तरीके से फर्जी वोट बनवा लिए हैं, एसआईआर के माध्यम से उन सभी के वोटों का पूर्ण निरीक्षण (वेरिफिकेशन) किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और अन्य पार्टियों के लोग भी इस पारदर्शी प्रक्रिया में जुट गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का सीधा टारगेट यही है कि जो योग्य मतदाता हैं, उनका वोट सुरक्षित रहे और जो अयोग्य या फर्जी मतदाता हैं, उनका नाम तुरंत काटा जाए। देश के कई राज्यों में ऐसे लोग मिले हैं जिन्होंने फर्जी दस्तावेज लगाकर वोट बनवाए थे, इस अभियान के तहत उनके वोट काटे जा रहे हैं।

### देश को धर्मशाला नहीं बनने देंगे

विपक्ष द्वारा इस प्रक्रिया पर उठाए जा रहे सवालों का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि विपक्ष इस जनहित के कार्य को लेकर बिना वजह का मुद्दा बना रहा है। आज तक चुनाव आयोग के पास ऐसा एक भी व्यक्ति नहीं आया, जिसका वोट गलत तरीके से काटा गया हो। वास्तव में विरोध केवल वही लोग कर रहे हैं, जो पहले गलत और फर्जी वोटों के जरिए सत्ता प्राप्त करते थे और फिर लूट मचाते थे। शिक्षा मंत्री ने कड़े शब्दों में कहा कि हम इस देश को धर्मशाला नहीं बनने देंगे। एसआईआर के जरिए सिर्फ इतना सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी असली और योग्य नागरिक का वोट न कटे और किसी विदेशी या घुसपैठिए का वोट सूची में न रहे।

# तेज रफ्तार वाहन ने भैंसों के झुंड को रौंदा, चार की मौत, छह घायल

- पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

छछरौली क्षेत्र के गांव ताहरपुर के पास ताहरपुर-इब्राहिमपुर रोड पर देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पर पहुंचे भैंसों के झुंड को टक्कर मार दी। हादसे में चार भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं। पशुपालक को करीब आठ लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है।

जानकारी के अनुसार गांव ताहरपुर निवासी मोहम्मद हसन की भैंसें रात के समय तबेले से निकलकर सड़क पर पहुंच गई थीं। इसी दौरान किसी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। सुबह जब मोहम्मद हसन तबेले में पहुंचे तो पशु वहां नहीं मिले। तलाश के दौरान जब वह ताहरपुर-इब्राहिमपुर रोड पर पहुंचे तो भैंसें खून से लथपथ हालत में सड़क किनारे पड़ी मिलीं। घटना की सूचना मिलते ही छछरौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मोहम्मद हसन ने बताया कि मृत और घायल सभी पशु उनके थे। उन्होंने बताया कि एक भैंस की कीमत एक लाख रुपये से अधिक है। हादसे में मृत और घायल पशुओं में तीन गर्भवती भैंसें भी शामिल हैं, जिससे उनका नुकसान और बढ़ गया। हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि ताहरपुर-इब्राहिमपुर रोड पर ओवरलोड और तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है, जिसके कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं।

उधर, जांच अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।


# गांधी नगर में गोली चलाने के मामले में एक और गिरफ्तार

- अपराध अन्वेषण शाखा-1 ने मुठभेड़ के बाद दो आरोपियों को किया था काबू

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने रविवार सुबह गांधी नगर के पास दो युवकों पर गोली चलाने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग दर्शन में गोली चलाने के मामले में शामिल आरोपी भूषण मेहता वासी मसीता हाउस थानेसर कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। रविवार सुबह करीब 3 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि गांधी नगर के पास कार सवार युवक ने दो युवकों पर गोली चलाई है। सूचना पर पुलिस टीम मौका पर पहुंची तथा सीन आफ क्राईम को मौका बुलाकर छानबीन की गई। घायल युवक अमन वासी कीर्ति नगर व प्रिंस वासी गांधी नगर को सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। मौका से पुलिस को 5 खाली खोल और घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्कोर्पियो गाड़ी बरामद हुई थी। पुलिस ने घायल प्रिंस वासी गांधी नगर की शिकायत पर राहुल वासी बारना, टोनी वासी कुरुक्षेत्र व 3 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 को सौंपकर आरोपियों को गिरफतार करने के आदेश दिए थे। दिनांक 16 जून देर रात को अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने नैशनल हाइवे-44 पर रतनगढ़ के पास निमार्णाधीन जाट भवन के पास से दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद काबू किया था। आरोपियों की पहचान टोनी वासी गांधी नगर व कपिल वासी छोटा बाजार थानेसर के रूप में हुई थी। पुलिस ने आरोपियों को ईलाज के लिए एलएनजेपी हस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल करवाया है जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

# प्रपोजल ठुकराने पर विवाहिता का घर फूंका

**कुरुक्षेत्र।** पिपली में एक विवाहिता को परेशान करने वाले सनकी पड़ोसी ने उसके घर में आग लगा दी। आगजनी के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। आरोपी काफी समय से महिला पर उसके साथ रहने और संबंध बनाने का दबाव डाल रहा है। महिला ने उसका प्रपोजल ठुकराया तो आरोपी रात को उसके घर में आग लगा दी। इससे पहले आरोपी ने दिन में महिला के साथ मारपीट भी की। आग से महिला के घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। पड़ोसियों ने परिवार को घर से बाहर निकाला। साथ ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी। परिवार ने दावा किया कि अगर समय रहते पड़ोसी उनको बाहर नहीं निकालते, तो वे घर के अंदर ही जलकर राख हो जाता। महिला ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाला संजय काफी समय से उसके पीछे पड़ा हुआ था। वह उसे जबरन अपने साथ रखने और संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। महिला और उसके परिवार ने कई बार इसका विरोध किया। आरोप लगाया इस संबंध में पुलिस को भी शिकायतें दी गईं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। महिला ने आरोप लगाया कि मारपीट के बाद पुलिस को शिकायत दी गई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उसके परिवार ने आरोपी को कई बार समझाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। परिवार ने आरोपी के खिलाफ शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।



# रंगदारी से बढ़े अपराधियों के हौसले

- कार लूट मामला : लूट से पहले विशाल और निखिल ने कॉस्ट्यूम डिजाइनर से 2 लाख रुपए वसूली थी रंगदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

### अब तक 7 आरोपी गिरफ्तार

जांच के दौरान पुलिस ने निखिल उर्फ नकुल, अभिषेक, अजय, जसकरण, कमलजीत सिंह, रोहित कुमार और लविश समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रविवार सुबह सीआईए-2 के साथ मुठभेड़ में विशाल की टांग में गोली लगी, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि लविश को गिरफ्तार कर लिया गया।

पिहोवा में हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे-152 पर अरुणाय गांव के कट के पास हुई कार लूटकांड से पहले विशाल और निखिल ने कॉस्ट्यूम डिजाइनर से 2 लाख रुपए रंगदारी वसूली थी। उन्होंने जिला कैथल के ढांड के रहने वाले कॉस्ट्यूम डिजाइनर को लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर 20 लाख की रंगदारी मांगी थी। रंगदारी नहीं देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। डर के कारण कारोबारी ने आरोपियों से 2 लाख रुपए में समझौता कर लिया। तय योजना के तहत उसने ढांड बस स्टैंड के पीछे 2 लाख रुपए छिपाकर रख दिए। वहां से ढांड के ही एक युवक ने रकम उठाई और विशाल व निखिल को ट्रांसफर कर दी। रंगदारी की यह रकम मिलने के बाद दोनों के हौसले बढ़ गए। उन्होंने जर्मनी से बड़े अपराधों की तैयारी शुरू कर दी और अपनी गैंग बनाना शुरू कर दिया। लेकिन निखिल करीब एक माह पहले जर्मनी से डिपोर्ट होकर भारत आया था, जबकि विशाल 6 जून को वापस लौटा। इससे पहले दोनों जर्मनी में ही अपना गैंग तैयार कर चुके थे। सीआईए-2 के इंचार्ज मनदीप सिंह ने बताया कि भारत लौटने के बाद दोनों अमेरिका में रह रहे करनाल के एक पुराने शराब कारोबारी के संपर्क में आए। उसी कारोबारी ने उन्हें करनाल के एक शराब कारोबारी और मोहाली के एक कपड़ा कारोबारी की हत्या करने के लिए उकसाया था। शराब कारोबारी की हत्या के लिए उनको पैसा मिलने वाला था। मोहाली के कारोबारी के बारे में उनको सूचना मिली कि कपड़ा कारोबारी घर लौटते वक्त दिनभर का सारा कैश अपने साथ लेकर जाता है। वे डरा-धमका या फिर हत्या करके पैसा लूट सकते हैं। इसके लिए शराब कारोबारी ने उनको कार लूटने और पिस्टल का इंतजाम करने की सलाह दी। इंचार्ज मनदीप सिंह ने बताया कि विशाल और निखिल ने केवल कार लूट के लिए नहीं बल्कि रंगदारी, लूट और हत्या जैसी वारदातों को अंजाम देने के लिए गैंग बनाया था। वे शॉर्टकट तरीके से पैसा कमाना चाहते थे।

## नशीला पदार्थ सप्लाई करने का मुख्य आरोपी नाइजीरियन गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने ऑपरेशन मैदान-2 के तहत नशीला पदार्थ सप्लाई करने के मुख्य आरोपी नाइजीरियन को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने ऑपरेशन मैदान-2 के तहत नशीला पदार्थ सप्लाई करने के मुख्य आरोपी नाइजीरियन चिनेडू वासी मोहन गार्डन नई दिल्ली को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी उप निरीक्षक सतविन्द्र सिंह के मार्ग निर्देश में सहायक उप निरीक्षक सुखवीर सिंह, मुख्य सिपाही नवीन कुमार, विक्रम सिंह, सिपाही सचिन कुमार गाड़ी चालक मुख्य सिपाही सुनील कुमार की टीम ने सूचना के आधार पर सरदीप सिंह उर्फ बब्बू को गांव सामने से काबू किया था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी की कार तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 31.67 ग्राम हैरोईन/चिट्टा, शराब व नकदी बरामद हुई थी।

## 38 डीपीसी और कॉलोनियों की आंतरिक सड़कें भी तोड़ी

# 28 एकड़ की पांच अवैध कॉलोनियां की ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिले के समालखा में जिला नगर योजनाकार (प्रवर्तन) की टीम ने वीरवार को अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया। इस कार्रवाई में लगभग 28 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही 5 अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया।

अभियान के दौरान, 2 अवैध निर्माण, लगभग 38 डीपीसी (डैम्प प्रूफ कोर्स) और कॉलोनियों में बनाए गए आंतरिक सड़क और ब्लॉक टाइल्स नेटवर्क को भी ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई राजस्व एस्टेट भापरा, पावटी, जौरासी सराफ और महावटी में की गई। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान स्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया था।



### अधिकारी बोले- जारी रहेगा अभियान

जिला नगर योजनाकार (प्रवर्तन) ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्लॉट या संपत्ति की खरीद से पहले उसकी वैधता की जांच अवश्य करें और अवैध कॉलोनियों में निवेश करने से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा सकतीं। विभाग ने बताया कि अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विद्युत कटौती से गुस्साए गांव मेहरा के लोगों ने किया प्रदर्शन, लगाए नारे

# आठ दिन से नलकूपों पर नहीं आई बिजली ग्रामीणों ने निगम कार्यालय पर जड़ा ताला

### कहा, सुधार का नहीं हो रहा ठोस प्रयास, पोल लगा दिए, लेकिन तार खींचने की रफ्तार काफी धीमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर

गांव मेहरा के ग्रामीणों ने पिछले आठ दिन से नलकूपों पर बिजली नहीं आने पर वीरवार को बिजली निगम रादौर के कार्याल के मेन गेट पर ताला जड़ दिया और प्रदर्शन करने लगे।

मौके पर ग्रामीणों ने बिजली निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर जमकर अपना रोष प्रकट किया। ग्रामीणों से मेहरा फीडर के जेई ने मौके पर पहुंचकर समझाने का प्रयास किया। परंतु ग्रामीण एसडीओ से मिलने पर अड़े रहे। ग्रामीणों ने एसडीओ के न मिलने पर विभाग के विरूद्ध जमकर रोष जताया। ग्रामीणों ने कहा कि बिजली नहीं आने से लोगों को परेशानी हो रही है।

मेहरा गांव निवासी गुरप्रीत सिंह, राजेंद्र, रविंद्र, जसपाल, अजमेर, गुरप्रीत सिंह, राजन, अमित बांगड़, रमेश कुमार, समीराज, विनोद कुमार, अंकुश बांगड़, सौरभ, बलविंदर सिंह, बलबीर, गुरुदेव शर्मा, सुल्तान, नसीब, जसरत व विपिन आदि ने बताया कि उनके गांव में पिछले 8 दिनों से बिजली की सप्लाई पूरी तरह ठप पड़ी है। जिससे सभी किसान बेहद परेशान हैं।

उन्होंने बिजली निगम पर ढुलमुल रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि धरातल पर बिजली सुधार को लेकर कोई काम नहीं हो रहा है। बिजली के पोल तो गाड़ दिए गए हैं। लेकिन तारें लगाने का काम कछुआ चाल से चल रहा है। ग्रामीणों ने रोष जताते हुए कहा कि बिजली न आने के कारण खेतों में खड़ी फसलें, धान की पौध, सब्जियां व पशुओं का चारा पूरी तरह सूख चुका है। जिसके चलते उनका कामकाज ठप हो गया है और जब तक बिजली सुचारू नहीं होती उनका विरोध जारी रहेगा।



यमुनानगर। रादौर में बिजली निगम कार्यालय में नारेबाजी कर रोष प्रकट करते मेहरा के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### एसडीओ के समझाने पर खोला ताला

एसडीओ बिजली निगम रादौर दीपांशु धीमान के आश्वासन पर ग्रामीणों ने मेन गेट का ताला खोल दिया। इस बारे बिजली निगम के एसडीओदीपांशु धीमान ने बताया कि उन्होंने स्वयं मौके का मुआयना किया है। उन्होंने काम में तेजी लाने के लिए कर्मचारियों को लेबर बढ़ाने के सख्त निर्देश दे दिए हैं और किसानों की इस बिजली समस्या का जल्द ही समाधान कर दिया जाएगा।

## न्यूज डायरी



### छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया ठंडा जल

यमुनानगर। गर्मी की तपिश में पिछले करीब एक सप्ताह से जिले में छबील लगाकर राहगिरों को ठंडा मीठा जल पिलाए जाने का सिलसिला लगातार जारी है। वीरवार को जगाधरी समेत कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने छीबीलें लगाकर राहगिरों को मीठा ठंडा जल पिलाकर पुण्य कमाया। वहीं, कई स्थानों पर ठंडे मीठे जल के साथ हलवा व चने का प्रसाद भी वितरित किया गया। वीरवार को जगाधरी में सुबह 11 बजे से ही श्रद्धालुओं ने कई स्थानों पर छबीलें लगाकर राहगिरों को मीठा ठंडा जल पिलाना शुरु कर दिया था। श्रद्धालु संजय मेहरा, सतीश कुमार, कुंदन लाल, मदन लाल, विशाल, संजीव, सचिन, बंटी, दीपक, सन्नी, शिवम आदि ने बताया कि गर्मी की तपिश में लोगों को मीठा जल पिलाने से पूण्य मिलता है।



### जनता पब्लिक स्कूल में स्विमिंग पुल का शुभारंभ

रादौर। जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में वीरवार को बनाए गए स्विमिंग पूल का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। स्कूल की सुरक्षा अधिकारी कमला देवी ने नारियल फोड़कर स्विमिंग पूल का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया। स्कूल के चेयरमैन मुकेश शास्त्री ने कहा विद्यार्थियों की बड़े लंबे समय से यह मांग थी कि उनके विद्यालय में स्विमिंग पूल होना चाहिए। विद्यार्थियों की मांग को मध्य नजर रखते हुए विद्यालय में स्विमिंग पूल का निर्माण करवाया गया। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास विद्यालय में हर प्रकार की सुख सुविधा देने का है। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं की जो सुविधा बड़े शहरों के स्कूल बच्चों को देते हैं हम वह सुविधा ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों को उपलब्ध करवा रहे हैं। अब वह समय नहीं रहा कि बच्चे केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही आगे बढ़े। आज समय बदल चुका है आज बच्चा किसी भी फील्ड में आगे बढ़ सकता है। इसलिए शिक्षा के साथ साथ सभी प्रकार की गतिविधियां अति आवश्यक हैं। इस अवसर पर प्रिंसिपल कल्पना बजाज, अखिल कंबोज, हिमांशु शर्मा, संदीप धीमान आदि मौजूद रहे।



### डेहा बस्ती से अतिक्रमण हटाने की मांग

रादौर। सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं ने वीरवार को नगरपालिका रादौर के चेयरमैन रजनीश मेहता शालु को ज्ञापन सौंपकर कस्बा की डेहा बस्ती से अवैध अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की। नपा चेयरमैन रजनीश मेहता शालु ने प्रतिनिधियों को अवैध निर्माण हटाए जाने का आश्वासन दिया है। वीरवार को विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि अमित कांबोज, सरदार त्रिलोचन सिंह टोची, सीनियर पार्षद भगवतदयाल कटारिया, पार्षद राजीव आर्य, पार्षद विनिश राणा, पार्षद ऋषिपाल नंबरदार, सरदार मोनू सिंह व सुदेश सैनी नपा चेयरमैन के कार्यालय में पहुंचे। उन्होंने नपा चेयरमैन रजनीश मेहता को सौंपे ज्ञापन में कहा कि शहर की डेहा बस्ती में काफी लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है। वहीं, डेहा बस्ती में नशा तस्करों को संरक्षण दिया जा रहा है। जिसका उदाहरण हालहि में दो दिन पहले पुलिस टीम पर डेहा बस्ती में कुछ लोगों द्वारा पथराव करके कानून को अपने हाथ में लेने का काम किया गया है। उन्होंने बताया कि कस्बा की डेहा बस्ती के लोग अधिकतर नशे की गतिविधियों में शामिल होते है। नशा बिकने के चलते रादौर क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में बढोतरी हुई। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की कि डेहा बस्ती में किए गए अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर कार्रवाई कर नगरपालिका की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाया जाए। जिससे शहर व क्षेत्र में नशा कारोबारियों पर लगाम लग सके।

### गुलजार सिंह बने रादौर कांग्रेस के ब्लॉक प्रधान



रादौर। कांग्रेस द्वारा गांव भागुमाजरा के पूर्व सरपंच एवं नंबरदार गुलजार सिंह को ब्लाक प्रधान बनाया गया है। इस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। गुलजार सिंह नंबरदार ने अपनी नियुक्ति के लिए पार्टी सुप्रिमों सोनिया गांधी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़के, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह व जिला अध्यक्ष नरपाल सिंह गुर्जर का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से उन्हें जो जिम्मेवारी दी गई है। वह उसे पूरी निष्ठा व लग्न के साथ निभाएंगे। उनकी प्राथमिकता अधिक से अधिक लोगों को पार्टी के साथ जोड़ना होगी। गुलजार सिंह नंबरदार का परिवार लंबे समय से क्षेत्र के लोगों के साथ जुड़ा हुआ है। उनके दादा चौधरी मेहर सिंह नंबरदार लगभग 40 वर्षों तक गांव भागुमाजरा के सरपंच रहे। गुलजार सिंह नंबरदार 1998 में नंबरदार के पद पर नियुक्त हुए थे। जो लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं।

### गाली-गलौज, मारपीट और जातिसूचक शब्द कहने पर दो पर केस

यमुनानगर। थाना छप्पर पुलिस ने मारपीट, धमकी देने और जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव नगला जागीर निवासी गुरमीत ने बताया कि चार मई को गांव के ही महेंद्र और उसके बेटे गौरव ने उनके साथ गाली-गलौज की। आरोप है कि दोनों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। इतना ही नहीं, आरोपितों ने जातिसूचक शब्द कहकर उनका अपमान किया। पीड़ति गुरमीत ने मामले की शिकायत पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने शिकायत की जांच शुरू की। जांच में प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर थाना छप्पर में महेंद्र और गौरव के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम सहित अन्य धाराओं में के तहत केस दर्ज किया गया। मामले की जांच एसआई लाभ सिंह को सौंपी गई है।




### बारह वर्षों में भारत बना मजबूत और आत्मविश्वासी राष्ट्र : शर्मा

यमुनानगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में डीएवी डेंटल कॉलेज यमुनानगर में प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) से जुड़े विभिन्न अस्पतालों के चिकित्सकों समेत अन्य प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता मेयर सुमन बहमनी ने की। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा मौजूद रहे। मुख्यातिथि एवं राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास और सुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने विशेष रूप से आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हुई हैं। रेखा शर्मा ने कहा कि आज भारत वैश्विक मंच पर एक मजबूत और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। मौके पर भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने कहा कि आज देश के कोने कोने में विश्व स्तरीय राष्ट्रीय राजमार्गों का जाल बिछ चुका है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई महिला का नहीं लगा सुराग

यमुनानगर। हमीदा क्षेत्र से लापता हुई 50 वर्षीय महिला बीना बजाज का 10 दिन बीतने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। महिला की तलाश में जुटी थाना शहर यमुनानगर पुलिस ने अब उसकी फोटो सार्वजनिक कर आमजन से सहयोग की अपील की है। पुलिस के अनुसार हमीदा निवासी बीना बजाज 15 जून को अचानक घर से चली गई थी। काफी तलाश के बावजूद जब उनका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी। शिकायत के आधार पर थाना शहर यमुनानगर में गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई, लेकिन अब तक महिला का कोई सुराग नहीं मिल सका है। जांच अधिकारियों का कहना है कि महिला की तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है। साथ ही विभिन्न माध्यमों से उनकी पहचान संबंधी जानकारी साझा की जा रही है ताकि जल्द से जल्द उनका पता लगाया जा सके। पुलिस ने महिला की फोटो भी जारी की है और लोगों से अपील की है कि यदि किसी को महिला कहीं दिखाई दे या उसके बारे में कोई जानकारी हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।



### शिक्षा समाज को नई दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम : पोटली

रादौर। वाल्मीकि समाज रादौर के सदस्यों की कस्बा के विश्रामगृह में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ नेता कर्मवीर पोटली ने की। बैठक में समाज के विकास, शिक्षा और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में 28 जून को कस्बा की शहीद उधम सिंह कांबोज धर्मशाला में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। समाज के वरिष्ठ नेता कर्मवीर पोटली ने बताया कि 28 जून को आयोजित होने वाले मेधावी छात्र सम्मान समारोह का उद्देश्य समाज के बच्चों का शिक्षा के क्षेत्र में हौसला बढ़ाने तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने हेतु आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज को नई दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम है। युवा पीढ़ी को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि मेधावी छात्र सम्मान समारोह में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के कृषि मंत्री के बेटे नेपाल राणा भाग लेंगे। वहीं, जिला परिषद के वाइस चेयरमैन अग्नि विजय, झाड़ू छोड़ो कलम पकड़ो अभियान के संस्थापक करण वाल्मीकि रोहतक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग हरियाणा के ओएसडी डॉ. धर्मेंद्र, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह मट्टू व भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला कुरुक्षेत्र के प्रधान विशाल सौदा भाग लेंगे।

### महाराणा प्रताप का जीवन राष्ट्रभक्ति की मिसाल : घनश्याम

यमुनानगर। जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा श्री वेदमाता गायत्री शक्तिपीठ सरोजनी कालोनी में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल सिंह राणा, कैलाश चंद्र अग्लवाल, राजकुमार त्यागी व शुभम राणा मौजूद रहे। मौके पर मुख्यातिथि समेत अन्य गणमान्य ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यातिथि एवं सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, पराक्रम, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की अनुपम मिसाल है। उनके आदर्श आज भी युवाओं को राष्ट्रहित में कार्य करने तथा अपनी संस्कृति और मूल्यों की रक्षा के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत गायत्री मंत्र जप, दीप महायज्ञ एवं पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया।

## शहर को स्वच्छ बनाने में हर नागरिक की भागीदारी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी प्रशासन द्वारा ट्विन सिटी के विभिन्न पार्कों समेत विभिन्न स्थानों पर साफ सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान अभियान का नेतृत्व नगर निगम के स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के विशेषज्ञ आकाश कुमार, दुर्गेश कुमार व गगन बेनीवाल ने किया।

स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के विशेषज्ञ आकाश कुमार ने कहा कि मेयर सुमन बहमनी और नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर चलाए अभियान के अंतर्गत शहर के मार्केट एरिया, सार्वजनिक स्थलों, रिहायशी क्षेत्रों, पार्कों एवं प्रमुख मार्गों की विशेष साफ. सफाई की गई। साथ ही सड़कों पर फैले कूड़ा कचरे को हटाकर उसका उचित निस्तारण किया गया और नालों नालियों की सफाई भी सुनिश्चित की है। विशेषज्ञ आकाश कुमार ने कहा कि स्वच्छ शहर के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। जनसहयोग के बिना स्वच्छता के लक्ष्य को हासिल करना संभव नहीं है। अभियान का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाना तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि सफाई अभियान के तहत रेलवे रोड, मीरा बाई मार्केट, न्यू मार्केट, छोटी लाइन व वर्कशॉप रोड समेत विभिन्न सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर सफाई की गई।


यमुनानगर। सफाई करते नगर निगम की टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### लोन वाली संपत्ति बेचकर 17 लाख की ठगी आरोपी दंपती पर केस

यमुनानगर। संपत्ति खरीद-फरोख्त में धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। रादौर के एक दंपती पर आरोप है कि उन्होंने मकान पर पहले से बैंक लोन होने की बात छिपाकर उसे बेच दिया और खरीदार से 17 लाख रुपये ले लिए। शिकायत के आधार पर सेक्टर-17 हुड्डा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रामपुरा निवासी पूर्णिमा शुक्ला ने पुलिस को बताया कि उनके पति अनिल कुमार शुक्ला पुजारी का कार्य करते हैं। इसी दौरान उनकी जान-पहचान रादौर की भगत सिंह कॉलोनी निवासी वीना रानी और बलविंद्र कांबोज से हुई। दोनों ने अपना मकान बेचने की पेशकश की और दावा किया कि संपत्ति साफ-सुथरी है और उस पर कोई बकाया या विवाद नहीं है। पूर्णिमा ने विश्वास कर करीब 17 लाख रुपये देकर मकान की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली। कुछ समय बाद तहसील कार्यालय से नोटिस मिलने पर उन्हें पता चला कि मकान पहले से बैंक के लोन के अधीन है।

### शारीरिक मजबूती के लिए योग करना बेहद जरूरी : डॉ. भल्ला

यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने वीरवार को यमुनानगर में आयोजित योग मैराथन में जोश के साथ हिस्सा लिया। कालेज के प्रिंसीपल डॉ.अरविंदर भल्ला ने एनसीसी कैडेट्स की टीम सदस्यों को झंडी दिखाकर मैराथन में हिस्सा लेने के लिए रवाना किया। कालेज प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने बताया कि मैराथन में उनके कालेज के एनसीसी कैडेटस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। कॉलेज के मैनेजमेंट और प्रशासन ने छात्रों की जबरदस्त भागीदारी के लिए उनकी तारीफ की।प्रिंसीपल डॉ.अरविंदर सिंह भल्ला ने योग मैराथन में शानदार उपस्थिति के लिए एनसीसी कैडेट्स को दिल से बधाई दी। उन्होंने बताया कि योग हर कैडेट के लिए जरूरी शारीरिक सहनशक्ति और मानसिक मजबूती बनाता है। डॉ. भल्ला ने कहा कि गुरु नानक खालसा कॉलेज उन पहलों का जोरदार समर्थन करना जारी रखेगा जो नागरिक सुरक्षा की तैयारी को ऐसे अहम राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य अभियानों के साथ जोड़ती हैं।

## लघु सचिवालय में मतदाता पुनरीक्षण अभियान की प्रगति को लेकर सुपरवाइजरों व बीएलओ की हुई बैठक

# एसआईआर कार्य में किसी तरह की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्तः आहूजा

### अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बैठक में दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए सभी सुपरवाइजरों व बीएलओ की लघुसचिवालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की।

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य पूरी पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ किया जाए। ताकि पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल हो सके और फार्म के वितरण की जानकारी पोर्टल पर अवश्य अपलोड करें। एसआईआर से जुड़े कार्यों में पूरी निष्ठा से कार्य करें और कोई भी अधिकारी अपने कार्य में कोताही न बरतें। बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने कहा कि प्रत्येक सुपरवाइजर अपने अधीन कार्यरत बीएलओ के कार्यों की नियमित निगरानी करें तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही पाए जाने पर तुरंत सुधार सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घर घर जाकर सत्यापन कार्य किया जाए तथा नए मतदाताओं के पंजीकरण, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा आवश्यक संशोधनों का कार्य समय पर पूरा किया जाए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारी यह न सोचे कि अभी समय है और इस कार्य को कर लेंगेए ऐसा करने से कार्य में अनावश्यक देरी होती है और इस प्रकार की सोच रखने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए एसआईआर अभियान को सफल बनाएं तथा निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एसआईआर से संबंधित कार्यों से जुड़े अधिकारी प्रशासन के उच्चाधिकारियों से अनुमति लेकर ही अपने कार्यक्षेत्र से बाहर जाए और एसआईआर के कार्य में तेजी लाने के लिए क्षेत्र से बाहर गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तुरन्त कार्य क्षेत्र में बुला लें।



यमुनानगर। लघु सचिवालय में बैठक में निर्देश देते नवीन आहूजा। फोटो : हरिभूमि

### पूरी जानकारी के साथ फील्ड में जाएं

उन्होंने कहा कि एसआईआर से जुड़े कार्यों की पूरी जानकारी के साथ ही फील्ड में जाए। सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने मोबाइल फोन को एक्टिव रखे और कोई अपना मोबाइल स्विच ऑफ न रखें। उन्होंने कहा कि एसआईआर के कार्यों में लगे सुपरवाईजर व बीएलओज को जो टारगेट दिया गया है। उसे समय रहते पूरा कर लें।

## मतदाता सूची को त्रुटिमुक्त करवाने में बीएलओ का करें सहयोग : नेपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर

भाजपा द्वारा एसआईआर को लेकर रादौर विधानसभा के कांसापुर स्थित दो शक्ति केंद्रों पर कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल सिंह राणा ने की। इस दौरान शक्ति केंद्र प्रमुख महरुफ अली, बीएलए वन और बीएलए टू और पालक शक्ति केंद्र बूथ समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा ने बताया कि बीएलए टू द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यक्रम के अन्तर्गत बीएलओज द्वारा 14 जुलाई तक घर घर जाकर सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूचियों से अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाना तथा पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूचियों में शामिल करवाया जाना है । मौके पर मार्केट कमेटी रादौर के चेयरमैन रुपींदर सिंह मल्ली, पार्षद उज्जवल ठाकुर, आदेश राणा, अजय कुमार व भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### पिहोवा में 3 दिन तक बंद रहेंगी मोबाइल की दुकानें



**पिहोवा।** मोबाइल दुकानदार यूनियन ने तीन दिन की लगातार छुट्टी की घोषणा की है। यह निर्णय मोबाइल यूनियन के प्रधान प्रिंस मंगला की अध्यक्षता में हाल ही में आयोजित बैठक में लिया गया। प्रिंस मंगला ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी गर्मियों की छुट्टियों के चलते 19 से 21 जून तक शहर की सभी मोबाइल दुकानों को बंद रखने का फैसला सर्वसम्मति से लिया गया है। उन्होंने बताया कि मोबाइल कारोबारियों और कर्मचारियों में छुट्टियों को लेकर भारी उत्साह है। बैठक में सभी सदस्यों से यूनियन के निर्णय का पालन करने की अपील भी की गई।

### समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि समाधान शिविर से संबंधित अधिकारी रिपोर्ट संबंधित पोर्टल पर अपडेट करें और उसकी एक रिपोर्ट उपाय कार्यालय में भी भेजें, इस विषय में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा वीरवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आम जानकी समस्याओं को सुन रहे थे तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे।

### आयुष विवि में शिक्षकों को कराया योग प्रोटोकॉल

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में शिक्षकों के लिए योग प्रोटोकॉल अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग विभाग की प्रोफेसर डॉ. शीलत सिंगला की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों एवं कर्मचारियों को योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। प्रो. शीलत सिंगला ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन का भी आधार है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों को योग प्रोटोकॉल की सही जानकारी और अभ्यास होना आवश्यक है।

### बाबैन में लगेगा आज लगेगा जन कल्याण शिविर : मेहता

**कुरुक्षेत्र।** एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाने के लिए 19 जून को बाबैन में जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 19 जून दिन शुक्रवार को मार्केट कमेटी बाबैन के सभागार में किया जाएगा। मार्केट कमेटी सचिव को शिविर का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि उपमंडल के अंतर्गत आने वाले विभाग अपने-अपने विभाग की गतिविधियों एवं कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

## केयू मॉडल स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

# रोजगार मांगने वाले नहीं, देने वाला बनें युवा: प्रो. सोमनाथ

*नवाचार एवं उद्यमिता से ही विकसित भारत की संकल्पना को साकार किया जा सकता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुलपति प्रो . सोमनाथ सचदेवा।

जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए हमें रोजगार मांगने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनना होगा। सरकारी नौकरी के पीछे भागने की बजाय युवा नवाचार एवं उद्यमिता के माध्यम से अपना काम शुरू करें। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो सोमनाथ सचदेवा ने गुरुवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय स्थित यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित राज्य स्तरीय सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन अवसर पर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज के युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा ही नवाचार एवं उद्यमिता द्वारा ही विकसित भारत की संकल्पना को साकार किया जा सकता है। नवाचार के माध्यम से नई तकनीकों, उत्पादों और सेवाओं का विकास कर युवा न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र की आवश्यकताओं के अनुरूप समाधान भी प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास, सेवा भावना और सकारात्मक सोच ही सफलता का आधार हैं। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने स्वयंसेवकों को पंच परिवर्तन की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकारों के प्रयासों से नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के सकारात्मक परिवर्तन से संभव होता है। उन्होंने बताया कि पंच परिवर्तन के अंतर्गत सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का बोध तथा नागरिक कर्तव्यों के पालन पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति इन पांच क्षेत्रों में स्वयं को बदलने का प्रयास करे तो समाज और राष्ट्र में व्यापक परिवर्तन लाया जा सकता है। स्कूल परिसर में पहुंचने पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा का स्कूल की वाइस चेयरमैन प्रो. सुनीता दलाल, प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंद्र सिंह, एनएसएस के जिला कोऑर्डिनेटर डॉ. गिरधारी लाल शर्मा, प्रवीण शर्मा व डॉ. सुशील ने स्वागत किया।

### युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत

कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने उदाहरण देते हुए कहा कि जाति, वर्ग और भाषा के भेदभाव से ऊपर उठकर सामाजिक समरसता को अपनाना, परिवार में संस्कारों और मूल्यों को सुदृढ़ करना, प्रकृति एवं पर्यावरण की रक्षा करना, अपनी संस्कृति और विरासत पर गर्व करना तथा अपने नागरिक कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना ही सच्चे अर्थों में राष्ट्रसेवा है। उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवकों को इन मूल्यों का वाहक बनकर समाज में जागरूकता फैलानी चाहिए। प्रो. सचदेवा ने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है। यदि युवा अपने ज्ञान, कौशल और ऊर्जा का उपयोग समाजहित में करें तो राष्ट्र को नई दिशा मिल सकती है। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि प्रो. सोमनाथ सचदेवा का स्वागत करते हुए शिविर के बारे में विस्तार से बताया। समापन समारोह में स्वयंसेवकों ने शिविर के दौरान किए गए विभिन्न सामाजिक, पर्यावरणीय एवं जागरूकता संबंधी कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया।

### भारतीय योग संस्थान की टीम को किया सम्मानित

स्कूल की वाइस चेयरमैन प्रो. सुनीता दलाल ने छात्रों को जीवन में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, सेवा भावना और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत रहा। अंत में मुख्यातिथि ने शिविर के सफल आयोजन के लिए आयोजकों एवं स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिविर में भारतीय योग संस्थान की टीम को सम्मानित किया गया । इसके अतिरिक्त सभी एनएसएस अधिकारी, डॉ. सुशील टाया, पंकज शर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल की वाइस चेयरमैन प्रो सुनीता दलाल, कुका के अध्यक्ष प्रो. अनिल मित्तल, प्रवीण शर्मा, अनिल अत्री, रामनिवास, मीनाक्षी, दिव्या रानी, प्रीतम कुमार, बंसी लाल, नरेश कुमार, नरेंद्र, कविता, डॉ. सुशील टाया, सतीश, सुनील, महेंद्र शर्मा, ईश्वर, राकेश कुमार, संदीप सहित एनएसएस अधिकारी, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# मिड डे मील वर्कर्स ने शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

**4 अगस्त को राज्य स्तरीय हड़ताल का ऐलान**




कुरुक्षेत्र। प्रदर्शन करती मिड डे मील वर्कर्स।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मिड डे मील वर्कर्स यूनियन (सीटू) के बैनर तले गुरुवार को मिड डे मील वर्करों ने नजदीक न्यू बस स्टैंड पर हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि 12 जनवरी 2026 को पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय रैली के बाद सरकार द्वारा मानी गई मांगों को अब तक लागू नहीं किया गया है। इसी के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व ताज पार्क में जिला प्रधान रोशनी देवी की अध्यक्षता में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य सचिव लाल देवी, जिला कोषाध्यक्ष सुनील रत्न, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रामनाथ भाट्टी और जिला सचिव अनिल कुमार ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने पिछले 11 वर्षों से मिड डे मील वर्करों के मानदेय में कोई वृद्धि नहीं की है। उन्होंने बताया कि वर्करों को मात्र 7 हजार रुपये मासिक मानदेय मिलता है, जो कई बार महीनों तक लंबित रहता है। नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्करों को केवल 10 माह का मानदेय दिया जाता है, जबकि उनसे 11 माह कार्य लिया जाता है

### ये हैं मांगें

यूनियन ने यह भी मांग उठाई कि ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर 5 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाए, वर्दी के लिए 2 हजार रुपये प्रदान किए जाएं, हटाई गई कुकों को पुनः नियुक्त किया जाए तथा मानदेय प्रत्येक माह की 7 तारीख तक जारी किया जाए। जिला सचिव अनिल कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्कूलों के विलय और बंद किए जाने की नीति से हजारों मिड डे मील वर्करों का रोजगार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने चिराग योजना का विरोध करते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों को कमजोर करने के प्रयास स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# राहत : तेज हवाओं के साथ हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



वीरवार दोपहर बाद अचानक बदले मौसम ने जिलेवासियों को भीषण गर्मी और उमस से बड़ी राहत दिलाई। पिछले कई दिनों से तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग परेशान थे, लेकिन दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली और आसमान में घने बादल छा गए। इसके बाद तेज हवाएं चलनी शुरू हुईं और कुछ ही देर में बारिश होने लगी। बारिश शुरू होते ही तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया। लोग घरों, दुकानों और कार्यालयों से बाहर निकलकर ठंडी हवाओं और बारिश का आनंद लेते दिखाई दिए। कई दिनों से गर्मी की मार झेल रहे लोगों ने राहत की सांस ली। शहर के बाजारों, पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर भी मौसम का असर साफ दिखाई दिया। हालांकि तेज हवाओं के कारण कुछ स्थानों पर नुकसान भी हुआ। शहर और आसपास के क्षेत्रों में लगे कई फ्लेक्स बोर्ड, बैनर और होर्डिंग्स हवा के तेज झोंकों के कारण उड़ गए या क्षतिग्रस्त हो गए। कुछ स्थानों पर पेड़ों की टहनियां भी टूटकर सड़कों पर गिर गईं, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। हालांकि किसी बड़े नुकसान या जनहानि की सूचना नहीं मिली है। बारिश के दौरान कुछ देर के लिए सड़कों पर पानी भी जमा हो गया, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### शहर को स्वच्छ बनाने के लिए कर्मचारी एक्टिव मोड में : अमन कुमार

**थानेसर।** जिला नगर आयुक्त अमन कुमार ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर परिषद के कर्मचारी और अधिकारी और विशेष तौर पर सफाई कर्मचारी एक्टिव मोड में आकर काम कर रहे है। यह कर्मचारी जहां अलग-अलग जगहों पर जाकर गंदगी को उठा रहे है, वहीं लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी कर रहे है। डीएमसी अमन कुमार ने नगर परिषद थानेसर के साथ-साथ सभी नगरपालिकाओं के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना है। इसके लिए कुरुक्षेत्र जिले के हर वार्ड में जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए। इस शहर को स्वच्छ बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को संकल्प लेकर स्वच्छता के प्रति अपने नैतिक कर्तव्य का पालन करना चाहिए।

# डा. प्रदीप पांचवीं बार शहरी अध्यक्ष बने

**कांग्रेस ने की कुरुक्षेत्र जिले में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



सुनील राणा।



डॉ . प्रदीप गोयल।



मोहन लाल

हरिभूमि न्यूज. हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में कुरुक्षेत्र जिले के विभिन्न ब्लॉकों के अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की है। जारी सूची के अनुसार लाडवा से भगवंत सिंह, बाबैन से जयपाल पांचाल, शाहाबाद शहरी से डॉ. प्रदीप गोयल, शाहाबाद ग्रामीण से ज्ञान सिंह, थानेसर शहरी से विवेक मेहता, थानेसर ग्रामीण से सुनील राणा, पिहोवा से करणजीत चट्ठा तथा इस्माईलाबाद से मोहन लाल भांवरा को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस्माईलाबाद के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पार्षद मोहन लाल भांवरा को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। भांवरा ने अपनी नियुक्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष, पिहोवा विधायक मनदीप सिंह चट्ठा, पार्टी हाईकमान तथा सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। वहीं, डॉ. प्रदीप गोयल को लगातार पांचवीं बार शाहाबाद शहरी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह द्वारा जारी सूची में उनकी नियुक्ति की पुष्टि की गई। उल्लेखनीय है कि डॉ. गोयल वर्ष 1998 से शाहाबाद शहर ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में संगठन की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। स्थानीय विधायक रामकरण काला ने डॉ. गोयल की नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वे एक वरिष्ठ, समर्पित और निष्ठावान कांग्रेस कार्यकर्ता हैं तथा इस पद के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति है।



### हर वार्ड तक पहुंचेगा विकास, जलभराव मुक्त शहर पर विशेष फोकस : कलसाना

**शाहबाद।** हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना का वार्ड नंबर-10 में पार्षद ईशु सचदेवा के निवास पर भव्य अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर आतिशबाजी, पुष्प वर्षा और जोरदार स्वागत के बीच वार्डवासियों ने ईशु सचदेवा के नेतृत्व में चेयरमैन का अभिनंदन कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद ईशु सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सुभाष कलसाना को चेयरमैन की जिम्मेदारी सौंपना शाहाबाद के लिए गौरव की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में शहर में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। भाजपा नेता कमित सचदेवा ने कहा कि पार्टी ने सुभाष कलसाना को यह जिम्मेदारी देकर एक बार फिर साबित किया है कि भाजपा समर्पित और मेहनती कार्यकर्ताओं को सम्मान देने वाली पार्टी है। वहीं अंकुर सिद्धू ने कहा कि कलसाना लंबे समय से क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए सक्रिय हैं, ऐसे में उनका चेयरमैन बनना कार्यकर्ताओं के सम्मान का प्रतीक है।

# सिंधी मिष्ठान भंडार की पहली मंजिल में लगी आग, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




वीरवार दोपहर बाद पिपली स्थित प्रसिद्ध सिंधी मिष्ठान भंडार की पहली मंजिल में अचानक आग लग गई। आग लगने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार आग मिष्ठान भंडार की पहली मंजिल पर लगी, जहां रखा फर्नीचर, एयर कंडीशनर और अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से भवन को भी नुकसान पहुंचा है। पहली मंजिल पर लगे शीशे गर्मी के कारण टूटकर नीचे गिर गए, जिससे आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग तेजी से फैली, लेकिन राहत की बात यह रही कि आग नीचे स्थित मिष्ठान भंडार तक नहीं पहुंची। यदि आग भूतल तक फैल जाती तो नुकसान और अधिक हो सकता था। मिष्ठान भंडार के संचालक राकेश सूरी ने बताया कि आग से उनका लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। फर्नीचर, एयर कंडीशनर समेत अन्य सामान पूरी तरह जल गया है।

### सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने सीएम से की शिष्टाचार भेंट



**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति (रजि.) के अध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार भेंट कर समिति द्वारा किए जा रहे विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर समिति के प्रतिनिधियों ने समाज सेवा के क्षेत्र में चल रही गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की। रामेश्वर सैनी ने मुख्यमंत्री को बताया कि समिति पिछले कई वर्षों से जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए निरंतर कार्य कर रही है। समिति द्वारा नियमित रूप से रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। इसके अलावा निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार की व्यवस्था की जाती है। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान समिति ने वैक्सीनेशन कैंप आयोजित कर लोगों को जागरूक करने और टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने पीएम व शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**थानेसर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, कुरुक्षेत्र इकाई ने जिला अध्यक्ष सूबे सिंह सुजान के नेतृत्व में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर उत्पन्न स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन डीसी कार्यालय में सुप्रिडेंट को सौंपा गया। इस अवसर पर देवदत्त, सुधीर ढांढा और दिलीप भी उपस्थित रहे। महासंघ ने अपने ज्ञापन में कहा कि 23 अगस्त 2010 को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) द्वारा टीईटी को न्यूनतम योग्यता के रूप में लागू किया गया था। इससे पहले विभिन्न राज्यों में तत्कालीन नियमों एवं पात्रताओं के आधार पर लाखों शिक्षकों की नियुक्तियां वैध रूप से की जा चुकी थीं। संगठन ने कहा कि वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर बाद में लागू किए गए पात्रता मानदंडों को प्रभावी करना प्राकृतिक न्याय और विधिक निश्चितता के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं है। सूबे सिंह सुजान ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 29 मई 2026 के निर्णय के बाद देशभर के शिक्षकों में असमंजस और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के निर्णय का सम्मान करते हुए भी केंद्र सरकार के पास जनहित में आवश्यक विधायी और नीतिगत समाधान उपलब्ध कराने का अधिकार है। दशकों से शिक्षा क्षेत्र में सेवाएं दे रहे शिक्षकों के अनुभव और योगदान को ध्यान में रखते हुए उनके हितों की रक्षा की जानी चाहिए। महासंघ ने केंद्र सरकार से मांग की कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त किया जाए। साथ ही उनकी सेवा, वरिष्ठता, पदोन्नति तथा अन्य सभी वैधानिक लाभों को पूर्ण संरक्षण प्रदान किया जाए।



**धर्म-कर्म** | हरिनाम संकीर्तन और वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजा पूरा परिसर, भक्तिमय बना वातावरण

# निर्माणाधीन श्रीकृष्ण अर्जुन मंदिर में विग्रहों का भव्य प्रवेश, 300 से अधिक श्रद्धालु बने साक्षी

*मंदिर परियोजना की प्रगति, भावी योजनाओं और वैश्विक महत्व पर प्रकाश डाला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। निर्माणाधीन श्रीकृष्ण अर्जुन मंदिर में विग्रहों के प्रवेश उत्सव के अवसर पर।

ज्योतिसर स्थित इस्कॉन के निर्माणाधीन श्रीकृष्ण अर्जुन मंदिर में एक ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक समारोह का आयोजन किया गया। मंदिर निर्माण कार्य के अगले चरण को ध्यान में रखते हुए वर्तमान परिसर में विराजमान श्रीश्री गौर-निताई तथा श्रीश्री जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी के विग्रहों को विधिवत रूप से नवीन परिसर में स्थापित किया गया। इस दिव्य आयोजन में 300 से अधिक श्रद्धालुओं और भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 4 बजे मंगल आरती से हुआ। ब्रह्ममुहूर्त से ही पूरा परिसर हरिनाम संकीर्तन और वैदिक मंत्रोच्चार से भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। इसके बाद सुबह 7 बजे महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें मंदिर परियोजना की सफलता और विश्व कल्याण के लिए आहुतियां अर्पित की गईं। सुबह 10 बजे भगवान के विग्रहों की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मृदंग, करताल और शंखध्वनि के बीच श्रद्धालु हरिनाम संकीर्तन करते हुए नृत्य कर भगवान को वर्तमान मंदिर से निमार्णाधीन नए परिसर तक लेकर पहुंचे। पूरे मार्ग में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। समारोह का नेतृत्व परम पूज्य भक्ति रक्षक गोलोकानंद स्वामी महाराज ने किया। इस अवसर पर इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल प्रभुजी, परियोजना निदेशक प्रिय गोविंद प्रभुजी, उपाध्यक्ष मोहन गौरचंद्र प्रभुजी सहित अनेक वरिष्ठ भक्त एवं सेवादाता उपस्थित रहे। दोपहर 12 बजे आयोजित विशेष सत्र में मंदिर परियोजना की प्रगति, भावी योजनाओं और वैश्विक महत्व पर प्रकाश डाला गया।

### महाआरती के साथ भंडारा भी लगाया

वक्ताओं ने बताया कि यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भगवद्गीता के सार्वभौमिक संदेश के प्रचार-प्रसार का अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनेगा। यह परियोजना इस्कॉन के संस्थापक आचार्य ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद के स्वप्नों से जुड़ी हुई है। दोपहर 1 बजे महाआरती और 2 बजे विशाल भगवत प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल प्रभुजी ने बताया कि वर्तमान मंदिर भवन को निर्माण कार्य के अगले चरण के लिए हटाया जाना आवश्यक है। इसलिए भगवान के विग्रहों को अस्थायी रूप से नए परिसर के भूतल पर स्थापित किया गया है। मुख्य गर्भगृह एवं विग्रह कक्ष के निर्माण पूर्ण होने के बाद भगवान को उनके स्थायी भव्य मंदिर में विराजमान किया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री कृष्ण अर्जुन मंदिर परियोजना पूर्ण होने के बाद कुरुक्षेत्र की एक नई पहचान बनेगी और देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं, पर्यटकों तथा गीता प्रेमियों के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा का प्रमुख केंद्र सिद्ध होगी।

## खबर संक्षेप

### शिविर में नगराधीश ने सुनी आमजन की शिकायतें

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने वीरवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगों की समस्याओं को सुनने का काम किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में पंहुचे प्रत्येक प्रार्थियों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समाधान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गर्ग ने कहा कि सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उदेश्य से समाधान शिविर शुरू किए गए हैं।

### किसान आईडी में पात्र करवाएं अपना पंजीकरण

**अंबाला।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. जसविन्द्र सैनी ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार राज्य में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसान आईडी बनाई जा रही है जिससे कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की सभी स्कीमों का लाभ एक ही आईडी से मिलेगा। किसानों को एग्री स्टैक योजना के तहत यूनिक आईडी दी जाएगी। इस यूनिक आईडी से किसान एक क्लिक से अपने जमीन के ब्यौरे को देख पाएंगें। इसलिए अधिक से अधिक किसान अपना पंजीकरण करवाएं।

### स्वच्छता अभियान के लोगों को किया जागरूक

**अंबाला।** केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों मे स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में सीईओ जिला परिषद् गगनदीप के मार्गदर्शन में गांव में भी स्वच्छता अभियान बारे ग्रामीणों व अन्य को जागरूक करने का काम किया जा रहा हैं। सीईओ ने बताया कि 7 से 20 जून 2026 तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला के ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता, स्वच्छता के प्रति जागरुक करने का काम चल रहा है।

### 4 अलग- अलग मामलों में 70 बोतल शराब बरामद

**अंबाला।** 'ऑपरेशन मैदान नशा मुक्त अभियान' के तहत पुलिस ने चार अलग-अलग मामलों में कुल 70 बोतल शराब बरामद की है। पुलिस ने संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना सदर में हुई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 27 बोतल शराब बरामद की। पुलिस ने गांव बाड़ा में आरोपी नक्षत्र सिंह को काबू किया। पुलिस ने दूसरी रेड गांव धुराला में की। यहां के रहने वाले आरोपी रूपचंद को दबोचकर उसके पास से 24 बोतल शराब बरामद की। इसी तरह मुलाना से आरोपी राजेश कुमार से 11 बोतल तथा थाना नग्गल क्षेत्र से आरोपी महेंद्र सिंह को 8 बोतल सहित गिरफ्तार किया।

### विश्व योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा

**अलेवा।** आयुष विभाग, खंड प्रशासन व खेल विभाग के द्वारा अलेवा के अनाज मंडी में 21 जून को 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिसमें 19 जून को पायलट रिहर्सल होगी। जानकारी देते हुए योग सहायिका नीलम ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व आमजन के अलावा सभी स्कूलों के विद्यार्थी भाग लेगें।

# चार साल प्रतिबंधित फिर भी हिम्मत नहीं हारी, अब ग्लासगो में ताकत दिखाएंगी मनप्रीत

- शॉटपुटर मनप्रीत का कॉमनवेल्थ गेम्स में हुआ चयन, नेशनल गेम्स में 14 गोल्ड मेडल हासिल कर चुकी हैं मनप्रीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



शॉटपुटर मनप्रीत कौर फिर कॉमनवेल्थ गेम्स में अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगी। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित होने वाली 23वीं कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए उनका इंडियन ऐथलेटिक टीम में चयन हुआ है। मनप्रीत इससे पहले भी दो बार कॉमनवेल्थ गेम्स में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। यहां के जसमीत नगर की रहने वाली मनप्रीत शादी के बाद भी दो बार नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। मनप्रीत ने बताया कि शॉटपुट गेम्स में हरियाणा से 2016 में हुए रियो ओलंपिक व दो बार कॉमनवेल्थ गेम्स में जाने वाली वह पहली महिला खिलाड़ी हैं। हालांकि दोनों बार वह पदक से चूक गईं। एक बार फिर उन्हें कॉमनवेल्थ गेम्स में जाने का मौका मिला है। ऐसे में पदक हासिल करने पर ही फोकस रहेगा। उन्होंने बताया कि 2015 में पहला नेशनल रिकॉर्ड 17.96 मीटर के स्कोर से बनाया था। एक बार फिर 2022 में आकर अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर 18.06 मीटर का नया स्कोर बनाया था। मनप्रीत ने बताया कि वह पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में अपनी बुआ के पास रहती थीं। दोनों भाई मंजीत व जगजीत सिंह व भाभी बिम्मी तीनों खेलों में रुचि रखते थे। उनसे प्रेरित होकर शॉटपुट खेलना शुरू किया था। उनकी शादी 2008 में जसमीत नगर के कर्मजीत के साथ हुई थी। वे खुद भी शॉटपुट के नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट हैं। शादी के बाद पति ही मेरे कोच हैं। मनप्रीत ने बताया कि खेल कोर्ट से ही 2007 में वह रेलवे में चीफ ओएस भर्ती हुई थी। पति भी रेलवे में सीटीआई हैं। मौजूदा समय में दोनों पटियाला स्टेशन पर तैनात हैं। मनप्रीत अभी पटियाला एनआईएस में ट्रेनिंग कर रही हैं।

**उपलब्धियां**

- 23वीं कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए उनका इंडियन ऐथलेटिक टीम में चयन हुआ
- इससे पहले भी दो बार कॉमनवेल्थ गेम्स में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं

### 2017 डोप टेस्ट में फेल होने पर लगा था प्रतिबंध

2017 में डोप टेस्ट में फेल होने के बाद मनप्रीत पर चार साल का प्रतिबंध लगाया गया था। इसके बावजूद उसने हिम्मत नहीं हारी। मनप्रीत ने 2006 में पहला सीनियर नेशनल पदक हासिल किया था। 2008 में शादी के बाद एक बेटी की मां बनने के बावजूद वह दो बार नेशनल रिकॉर्ड होल्डर रही उन्होंने 2022 में अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर 18.06 मीटर का नया बनाया था। पिछले 20 साल में मनप्रीत 14 बार नेशनल में स्वर्ण पदक हासिल कर चुकी हैं।

## मुलाना व कलालटी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, झुग्गियों की ली गई तलाशी

# डेहा बस्ती में पुलिस का बड़ा सर्च ऑपरेशन, नशा तस्करों में मचा हड़कंप

इस विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने बस्ती की झुग्गियों को खाली करवाकर एक-एक स्थान की गहन तलाशी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



**बराड़ा।** सर्च अभियान चलाते हुए पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*



**बराड़ा।** सर्च अभियान के दौरान पूछताछ करती पुलिस टीम। *फोटो : हरिभूमि*

नशा तस्करी और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने तड़के बड़ा अभियान चलाया। मुलाना थाना और कलालटी चौकी पुलिस की संयुक्त टीम ने धनौरा गांव स्थित डेहा बस्ती में सघन छापेमारी करते हुए व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों में खौफ का माहौल देखने को मिला। थाना प्रभारी प्रमोद राणा और चौकी प्रभारी विश्वबंधु के नेतृत्व में चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने बस्ती की झुग्गियों को खाली करवाकर एक-एक स्थान की गहन तलाशी ली। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की जांच करते हुए उनके बारे में आवश्यक जानकारी भी जुटाई गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई आईजी अंबाला रेंज और पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर /"ऑपरेशन मैदान-2/" के तहत की गई। पुलिस का मुख्य लक्ष्य क्षेत्र में सक्रिय नशा तस्करों और अपराधियों पर शिकंजा कसना है। अधिकारियों का कहना है कि डेहा बस्ती सहित कई संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां आगे भी इसी प्रकार के विशेष अभियान चलाए जाएंगे। लंबे समय से क्षेत्र में चोरी, नशा तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ट्रांसफार्मरों से तार चोरी जैसी घटनाओं के पीछे भी असामाजिक तत्वों का हाथ रहा है। हालांकि पुलिस ने इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने कहा कि नशा तस्करी और अपराध के खिलाफ पुलिस की मुहिम लगातार जारी रहेगी। किसी भी व्यक्ति को कानून व्यवस्था बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कोई भी व्यक्ति अवैध गतिविधियों में शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस तरह के सर्च अभियान न केवल अपराधियों पर अंकुश लगाने में मददगार साबित होंगे, बल्कि आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना भी मजबूत करेंगे। डेहा बस्ती में हुई इस कार्रवाई को स्थानीय लोगों ने भी सराहा है और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षित माहौल बनाए रखने की उम्मीद जताई है। पुलिस की इस सक्रियता को अपराध और नशे के नेटवर्क के खिलाफ एक बड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

# केंद्र सरकार की उपलब्धियों को विद्यार्थियों ने रंगों में उकेरा



**अंबाला।** पोस्टरों को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी।

- जिले के 11 विद्यालयों के 37 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

हरिभमि न्यूज ▶▶| अंबाला

केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विशेष राज्यव्यापी जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बलदेव नगर में जिला शिक्षा विभाग द्वारा ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग एवं वीडियो रिकॉर्डिंग प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव विजय दहिया तथा उपायुक्त अजय सिंह तोमर के दिशा-निर्देशों एवं अतिरिक्त उपायुक्त विराट के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 11 विद्यालयों के 37 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने 'नारी शक्ति से राष्ट्र शक्ति', 'शिक्षा का अमृतकाल', 'युवा शक्ति-विकसित भारत की शक्ति', 'डिजिटल भारत' तथा 'विकसित हरियाणा' जैसे समसामयिक एवं प्रेरणादायी विषयों पर अपनी कलात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों और राष्ट्र निर्माण की अवधारणा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर और चित्र दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाकर उनके स्वास्थ्य और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार किया है। वहीं आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा दीजा रही है। आज विद्यालयों में स्थापित अटल टिंकरिंग लैब्स के माध्यम से विद्यार्थी आधुनिक तकनीकों, रोबोटिक्स का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

# सर्वे के दौरान बीएलओ नहीं मांगेंगे ओटीपी, बैंक खाते या पैन कार्ड संबंधित जानकारी

- 14 जुलाई तक घर-घर जाकर वितरित किए जाएगे गणना प्रपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर



**शहजादपुर।** एसआईआर के दौरान मतदाताओं से बातचीत करती बीएलओ।

मुख्य चुनाव अधिकारी के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एसआईआर) अभियान चलाया जा रहा है। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकार घर-घर जाकर मतदाताओं को एसआईआर प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि सभी बीएलओ जब भी एसआईआर अभियान के अंतर्गत डोर-टू-डोर जाएं तो वे अपना अधिकृत पहचान पत्र (आई-कार्ड) गले में धारण करके जाएं ताकि नागरिक उनकी पहचान आसानी से कर सकें।

### ट्रांसपोर्टरों को ठग रहा है महाराष्ट्र का गिरोह

**अंबाला।** यहां के ट्रांसपोर्टर महाराष्ट्र के एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का शिकार हो रहे हैं। यह गिरोह महाराष्ट्र में ऋण वाले ट्रकों को फर्जी रसीदों के जरिये ऋणमुक्त दिखाकर कई ट्रांसपोर्टरों को लाखों का चूना लगा चुके हैं। ठगी का ताजा मामला अंबाला शहर के नंद विहार के ट्रांसपोर्टर का है। उसे 21 लाख रुपये का चूना लगा है। बलदेव नगर थाना पुलिस ने देवी दयाल की शिकायत पर जडौत रोड के दलाल विजय सहित शमशेर, जहीर, शमशेर, अजहर यूनूस मनिहार, मुस्तकिन अयूब मनिहार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। ट्रक पर निकला 34 लाख का लोन कपिल ट्रक सेल्स के मालिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें ट्रांसपोर्ट के काम के लिए एक ट्रक खरीदना था। दलाल विजय ने उन्हें विश्वास में लेकर मालेगांव ले जाकर एक ट्रक दिखाया। आरोपियों ने दावा किया कि गाड़ी ऋण-मुक्त है। फर्जी बैंक रसीदें व एनओसी दिखाई। आरोपियों के झांसे में आकर 11 मई 2026 को अजहर यूनूस के खाते में

# योग से लोगों को मानसिक शांति एवं आत्मिक ऊर्जा का होता अनुभवः शैली

- ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र की ओर से किया गया योग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



**अंबाला।** कार्यक्रम में योग करते बीके भाई व बहनें। *फोटो : हरिभूमि*

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र में एक भव्य संयुक्त योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. समिधा शर्मा ने स्वस्थ एवं सक्रिय दीर्घायु के लिए आयुर्वेद एवं योग आधारित सुझाव सांझा किए। निर्देशिका आशा दीदी ने सभी को आध्यात्मिक जीवन एवं सकारात्मक सोच का संदेश दिया। राजयोगिनी बीके शैली दीदी ने कहा कि योग से लोगों को मानसिक शांति एवं आत्मिक ऊर्जा का अनुभव होता है। रोटेरियन नरेश भारद्वाज ने कहा कि योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताया। रोटरी क्लब अंबाला छावनी के अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. विवेक मल्होत्रा ने योग दिवस की शुभकामनाएं दी।

### एक पेड मां के नामः मॉडल संस्कृति विद्यालय में हुआ पौधारोपण

**बराड़ा।** शिक्षा विभाग की पहल पर चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वीरवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजू बाला ने किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के इको क्लब प्रभारी कुलदीप सिंह की विशेष भूमिका रही। उन्होंने इको क्लब की ओर से विद्यालय को विभिन्न प्रकार के पौधे भेंट किए और उनके पर्यावरणीय तथा औषधीय महत्व के बारे में जानकारी दी।



### सियोन इंडिया कंपनी से चोरी हो रहे थे इलेट्रिकल व्हीकल पुर्जे, वेल्डर काबू

**अंबाला।** दीनारपुर गांव स्थित सियोन इंडिया इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी में चोरी का खुलासा हो गया है। कंपनी में काम करने वाले एक वर्कर ने ही अपने ही मालिक का लाखों का सामान चोरी कर लिया। कंपनी प्रबंधक सुनील कुमार की शिकायत पर पुलिस ने दीनारपुर के साहिल पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कंपनी की देखरेख करने वाले सुनील कुमार ने बताया कि उनके भाई अनिल गोयल की दीनारपुर मेन हाईवे पर इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने की कंपनी है जिसमें करीब 40 वर्कर काम करते हैं। साहिल पिछले 6 महीने से उनकी कंपनी में वेल्डर का काम कर रहा था। साहिल ने पहले भी छोटा-मोटा हार्डवेयर का सामान चोरी किया था। तब उसे माफ कर दिया गया था।



### लाल कुर्ती बाजार में बिना पहचान पत्र रुम देने पर होटल मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज

**अंबाला।** अंबाला छावनी के लाल कुर्ती बाजार स्थित एक होटल में आदेशों की सरेआम धज्जियां उड़ाने के आरोप में मैनेजर के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। मैनेजर ने बिना कोई पहचान पत्र लिए और बिना रजिस्टर में एंट्री किए एक युवक को कमरा दे दिया। सूचना के आधार पर पुलिस ने होटल में छापेमारी की। दरअसल पड़ाव थाने के अंतर्गत आने वाली लाल कुर्ती पुलिस चौकी के एएसआई कृष्ण लाल अपनी टीम के साथ अंबाला छावनी बस अड्डे के पास गश्त पर तैनात थे। इसी दौरान पुलिस को एक मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि लाल कुर्ती बाजार के 'होटल रोज' में मैनेजर बिना किसी आईडी प्रूफ के और बिना रिकॉर्ड दर्ज किए ग्राहकों को कमरे किराए पर दे रहा है।

### एचएसवीपी की जमीन पर कब्जे के आरोप में किसान पर केस दर्ज

**अंबाला।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की अधिग्रहित जमीन पर अवैध कब्जा करने और खेती करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई संपदा अधिकारी की शिकायत पर अंबाला शहर के सेक्टर-9 थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत की है। प्राधिकरण के संपदा अधिकारी ने पुलिस को भेजे पत्र में बताया कि सेक्टर-26, गांव कांवला में एक नियमित सर्वेक्षण किया गया था। इस दौरान पता चला कि गांव कांवला के दविंद्र सिंह उर्फ शैंकी ने एचएसवीपी की उस जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है, जिसे सेक्टर-26 के विकास के लिए अधिग्रहित किया गया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## सात दिवसीय भागवत कथा में धर्म, भक्ति व सत्कर्मों का दिया संदेश

# भौतिक सुखों के बजाय भक्ति मार्ग अपनाएंः अनुभवानंद

श्रीमद्भागवत केवल धार्मिक ग्रंथ ही नहीं बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शक है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कथावाचक डॉ. स्वामी अनुभवानंद गिरी महाराज।

अंबाला शहर के समस्त राधे-राधे परिवार द्वारा मथुरा नगरी स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। कथा व्यास परम पूज्य डॉ. स्वामी अनुभवानंद गिरी महाराज ने श्रीमद्भागवत के विभिन्न गूढ़ रहस्यों एवं आध्यात्मिक प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सत्कर्मों का संदेश दिया। कथा के दौरान स्वामी ने सर्वप्रथम राजा परीक्षित के जन्म की कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि महाभारत युद्ध के उपरांत जब अश्वत्थामा के ब्रह्मास्त्र से अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ में पल रहे बालक पर संकट आया, तब भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं उसकी रक्षा की। यही बालक आगे चलकर राजा परीक्षित के नाम से प्रसिद्ध हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं और उनकी कृपा से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। इसके उपरांत उन्होंने सृष्टि की उत्पत्ति का वर्णन करते हुए बताया कि संपूर्ण जगत भगवान की दिव्य शक्ति का विस्तार है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शक है। सृष्टि की रचना, पालन और संहार का संचालन परमात्मा की इच्छा से होता है और प्रत्येक जीव उसी परम सत्ता का अंश है। कथा के अगले चरण में स्वामी ने कपिलोपाख्यान का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान कपिल ने अपनी माता देवहूति को सांख्य योग का उपदेश देकर आत्मज्ञान और मोक्ष का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को भौतिक सुखों में आसक्त होने के बजाय आत्मचिंतन, सत्संग और भगवान की भक्ति को अपनाना चाहिए। यही जीवन को सफल बनाने का सर्वोत्तम साधन है। ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए गिरि महाराज ने कहा कि बालक ध्रुव ने कठिन तपस्या और अटूट श्रद्धा के बल पर भगवान विष्णु के दर्शन प्राप्त किए थे। उन्होंने बताया कि दृढ़ संकल्प, धैर्य और भगवान के प्रति समर्पण से कोई भी व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। कथा के दौरान संगीतज्ञों ने धार्मिक भजन गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।